## उत्तर मध्य रेलवे
## कार्य अध्ययन रिपोर्ट

झाँसी वर्कशॉप के मेकेनिकल विभाग में वरि0 मंडल मेकेनिकल अभियन्ता के अधीनस्थ कार्यरत मल्टीपरपज़ हेल्पर खलासी कैटेगरी के कार्य की समीक्षा

कार्य अध्ययन सं.– म0प्र0 / उ0म0रे0 / का0अ0 / 18 / 2020–21

**मार्गदर्शन एवं निर्देशन**

श्री नवीन कुमार सिन्हा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री मन्नू प्रकाश दूबे
उप महाप्रबंधक / सामान्य

एवं

**सहयोग**

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

**सम्पादित**

जोगेश कुमार सेठी
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

## अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | **अध्याय– प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय– द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5–12 |
| 5. | **अध्याय–तृतीय**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 13 |

## अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | झाँसी वर्कशॉप के मेकेनिकल विभाग में वरि0 मंडल मेकेनिकल अभियन्ता के अधीनस्थ कार्यरत मल्टीपरपस हेल्पर खलासी कैटेगरी के कार्य की समीक्षा। |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | मल्टीपरपस हेल्पर खलासी |
| 3. | विभाग का नाम | मेकेनिकल |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2020–21 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 28.10.2020 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 08.12.2020 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 1019 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 359 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | **44** |
| 10. | वित्तीय बचत | **(1,28,18,520.00)** **एक करोड अठाइस लाख अठारह हजार पॉच सौ बीस मात्र)** |

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री एस0 पी0 तिवारी, मुख्य वर्कशॉप प्रबंधक तथा श्री गौरव यादव, उप मुख्य यांत्रिक अभियन्ता का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्य अध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्य अध्ययन दल, श्री राम सुमेर, एस0एस0ई0, झॉसी वर्कशॉप का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्य अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

,,,,,

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि झाँसी वर्कशॉप, झाँसी के मेकेनिकल विभाग में उप मुख्य यांत्रिक अभियन्ता, के अधीनस्थ कार्यरत Multi Purpose Helper Khalasi संवर्ग के लिये कुल 1019 पद स्वीकृत हैं जबकि कुल 359 कार्यरत हैं। झाँसी वर्कशॉप में बहुत से कार्य वाह्यश्रोतों से कराये जा रहे हैं।

कार्य अध्ययन के पश्चात् Multi Purpose Helper Khalasi संवर्ग के पदो के औचित्य को देखते हुए कार्य अध्ययन दल के द्वारा इस कैटेगरी में कुल **44 पदों** के अभ्यर्पण की संस्तुति की जाती है। इससे कुल बचत रु0 **1,28,18,520.00 (एक करोड अठाइस लाख अठारह हजार पॉच सौ बीस मात्र)** होगी।

# अध्याय–प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

झाँसी वर्कशॉप में प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में सहायता हेतु प्रोडक्शन शॉप्स, पी0सी0ओ0 तथा यार्ड, लैब में हेल्पर्स की नियुक्ति है। वर्कशॉप में कई कार्य अब आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराये जा रहे हैं। इस प्रकार इस कार्य हेतु हेल्पर्स की आवश्यकता पहले से बहुत कम हो गयी है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "झाँसी वर्कशॉप के मेकेनिकल विभाग में हेल्पर खलासी मल्टीपरपस के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्य अध्ययन हेतु चुना गया। यह कार्य अध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदित कार्य अध्ययन सूची से उद्वृत है।

वर्णित कार्य अध्ययन मुख्य वर्कशॉप प्रबन्धक, झाँसी वर्कशॉप, झाँसी के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

<u>अध्याय–द्वितीय</u>

<u>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण</u>

2.1 **<u>कर्मचारी संख्या</u>**:– मुख्य कार्यशाला प्रबन्धक, झाँसी वर्कशॉप के अन्तर्गत कार्यरत मेकेनिकल विभाग में हेल्पर खलासी (मल्टीपरपस) के स्वीकृत एवं ऑन रोल पदों का प्राप्त विवरण निम्नवत है :–

| Units | S. No. | Name of Shop | Sanctioned Strength | On roll | Vacants |
|---|---|---|---|---|---|
| **Production Shops** | 1. | Paint Shop | 15 | 09 | 06 |
| | 2. | Welding Booth | 29 | 03 | 26 |
| | 3. | Gas Monifold | 22 | 01 | 21 |
| | 4. | Tool Room | 12 | 03 | 09 |
| | 5. | M/C & Wheel Shop | 41 | 12 | 29 |
| | 6. | Roller Bearing Shop | 55 | 10 | 45 |
| | 7. | Mill Wright | 55 | 56 | 03 |
| | 8. | Boiler Maker | 04 | | |
| | 9. | WR- I | 68 | 10 | 58 |
| | 10. | WR- II | 68 | 25 | 43 |
| | 11. | WR-III | 68 | 21 | 47 |
| | 12. | WR-IV | 68 | 14 | 54 |
| | 13. | WR-V | 68 | 12 | 56 |
| | 14. | WR-VI (Tank Wagon Shop) | 07 | 02 | 05 |
| | 15. | Stripping Shop | 31 | 04 | 27 |
| | 16. | Bogie Repair | 75 | 15 | 60 |
| | 17. | Air Brake Lab | 29 | 12 | 17 |
| | 18. | Blacksmith & Spring smith | 08 | 02 | 06 |
| | 19. | ICF Trolly | 00 | 02 | -02 |
| | | **Total** | **723** | **213** | **510** |
| **PCO** | 1. | Inspection | 22 | 02 | 20 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2. | Progress(Office) | 06 | 02 | 04 |
| | 3. | Progress(Field) | 98 | 24 | 74 |
| | 4. | Rate fixing & Planning | 02 | 00 | 02 |
| | | **Total** | **128** | **28** | **100** |
| Non Incentive Shops | 1. | Yard | 146 | 104 | 42 |
| | 2. | Lab | 22 | 14 | 08 |
| | | **Total** | **168** | **118** | **50** |
| **Grand Total** | | | **1019** | **359** | **660** |

**2.2. कार्य का विवरणः–** झाँसी वर्कशॉप में कई कार्य वाह्य श्रोतों से कराये जा रहे है। इनके कार्यों को वाह्य श्रोतों द्वारा सम्पादित किये जानें के कारण झाँसी वर्कशॉप में हेल्पर खलासियों के कार्य भार में कमी आयी है।

**2.2.1.** प्राप्त विवरण के अनुसार झाँसी वर्कशॉप के विभिन्न शॉपों में वाह्य श्रोतों द्वारा काराये जा रहे कार्यों का तालिकाबद्ध विवरण निम्नवत् हैं–

| S. No. | Tender No. | Type of work | Duration | Concern Shop | Work for |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | JHSW-MECH-BMBS-2019-20-03. | Retrofitment of BMBS on Air Brake Wagons. | 18 months from issue LOA i.e. 27-11.2019. | Bogie Repair | RSP |
| 2. | JHSW-M-BOBRN-2020 21-4. | Rehabilitation of BOBRN Wagons. | 28 months from issue LOA i.e. 18.08.2020. | WR-IV | . RSP |
| 3. | JHSWORKSHOP/ MECH.TENDER/ BOXNRH | Complete renewal of End wall, Sidewall and Floor of BOXN Wagons at Wagon Repair Workshop Jhansi for a period of Twelve months. | 12 months from issue LOA i.e. 13.12.2016. | Welding Booth | RSP |
| 4. | M-JHS-Tender-RSP-RTPS-2017-18-RT-3. | Retrofitment of Twin Pipe on Air Brake System in Freight Stock. | 12 months from lissue LOA i.e. 23.05.2018. | WR-1 | RSP |
| 5. | JHS-Mech-BOXNR -2019-20-4. | Upgradation and Rehabahilitation of BOXN to BOXNR. | 25 months for issue LOA i.e. 21.12.2019. | WR-IV | RSP |
| 6. | JHSW-M-BH-2020-21 -2. | Conversion from fixed Bulk Head to foldable Buk Head in BRN/ BRNAHS/ BRN 22.9 Wagons. | 18 months from issue LOA i.e. 14.08.2020. | Welding Booth | RSP/Hold |
| 7. | JHS-Mech.-RTPS-2018-19-16. | Retrofitment of twin Pipe on Air Brake System on existing | 03 years from LOA dated | WR-1 | RSP |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | wagons. | 03-10-2019. | | |
| 8. | NR-JHSW-Mech-BCNHL-1017-18-05. | Manufacture and fitment of two parts sliding door arrangement o BCNHL Wagon to RDSO Drawing NOS.WD-11043-SO-01-Alt.2 and WD-11043-S-02 -Alt.2. | 14 Months from LOA date. | WR-IV | RSP/Hold |
| 9. | M/JHSW/Tender/ BOXNRH. | Complete renewal of End Wall, side wall and flooring of BOXN wagons (Qty.546 wagons) at Wagon Repair Workshop /Jhansi for a period of Eighteen Months. | 18 months of issue LOA. | WR-III/ Weld | RSP |
| 10. | JHS Workshop Tender Notice 2015-16-03. | Complete renewal of roof & Body Repair of BCN Wagons. | 12 Months. | Welding Booth | RSP Complete |
| 11. | NCR-JHSW-MECH-MBDC/2018-19 /13. | Movement of Boxn wheel & dismenounting of CTRB. | 12 Months from the date of actual startin of the work, i.e. 30 days after issue of LOA. | CTRB | POH |
| 12. | M/JHSW/Q/2020-21/16/Wagon Cleaning | Cleaning of incoming 1000 Wagons inside Railway area/Yard of Wagon Repair Workshop, Jhansi. | 02 months from date of physical start of the work. | Yard | POH |
| 13. | JHSW-GARBAGE-201 19-10. | Disposal of Garbage after sweeping the roads of Wagon Workshop, WOA Office and Dy. CMM/Store Premises including cleaning of urinals, toilet blocks, washbasins, bathrooms, tea booth and drinking points. | 24 months from the date of issue of LOA. | All Shops | Shop and Road Cleaning. |
| 14. | NCR-JHS W-Mech-BSS-2018-19-4. | Cleaning Shot Peening, Dip Painting drying of ICF coil spring and transportation of springs from one shop to another with assistance on miscellaneous work. | 24 months from the date of issue of LOA. | BSS/ Spring Shop | POH |
| 15. | NCR-JHSW.Mech-dump-2018-19-15. | Dumping of condemn wagons from dumping points (Nagra side store 14 lines and up to 200 Meter approx) at | 12 months from the date of issue of LOA. | Yard | Condemn of Wagon. |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Wagon Repair Workshop Jhansi. | | | |
| 16. | M/JHSW/Tender/Gen/ Zyglo/2018-19/2. | Helper/Helpers Assistance for Zyglo Tesing of Roller Bearings. | 24 months from the date of actual starting of work. | Lab | POH |

**2.2.2. पेन्टिंग शॉप**– झॉसी वर्कशॉप की इस कार्यशाला में वैगनों के पेन्टिंग व मैन्युफैक्चरिंग जॉब पेन्टिंग का कार्य होता है। इस शॉप में स्वीकृत संख्या 15 की है जबकि ऑन रोल 09 हैल्पर्स कार्यरत हैं। इस शॉप में **Disposal of Garbage after sweeping the roads** का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। कार्य की उपयोगिता को देखते हुए इस शॉप में 02 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.3. वेल्डिंग बूथ**– इस शॉप में बॉक्स एन डोर, बीओबीआर एन डोर, स्पैडर (02 डोर को एसैम्बल करना) के फैब्रिकेशन का कार्य होता है। इस शॉप में भी **Disposal of Garbage after sweeping the roads** का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। कार्य की उपयोगिता को देखते हुए इस शॉप में 02 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.4. गैंस मैनीफोल्ड**– इस शॉप में DA (Desolved acytilene Gas) तथा ऑक्सीजन के संयोजन से माइल्ड स्टील की कटिंग का कार्य होता है। इसके अलावा अलग अलग कम्पनी के DA/ऑक्सीजन के सिलिण्डर या लिक्विड गैंस की **handling/distribution** का कार्य होता है। इस शॉप में भी **Disposal of Garbage after sweeping the roads** का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। कार्य को देखते हुए इस शॉप में 02 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.5. टूल रुम**– टूल टाइप के आइटम्स का कार्य जैसे हैमरिंग आदि कार्य इस शॉप में किये जाते हैं। इस शॉप में भी **Disposal of Garbage after sweeping the roads** का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। इस शॉप में 01 पद के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.6. मशीन एण्ड व्हील शॉप** – इस शॉप का कार्य वैगनों की व्हील से सम्बन्धित है जैसे लेथ मशीन पर टायर टर्निंग, डिस्क अण्डर साइज हो जाने पर अटैण्ड करना, नए डिस्क लगाना, आदि। इस शॉप में भी **Disposal of Garbage after sweeping the roads** तथा **Movement of Boxn wheel & dismenounting of CTRB** कार्य वाह्य श्रोतों से कराया जा रहा है। इस शॉप में ऑन रोल 12 की संख्या है जबकि स्वीकृत संख्या 41 की है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 02 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.7. रोलर बियरिंग शॉप** – व्हील को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाना, बियरिंग निरीक्षण, ग्रीसिंग, सफाई, असेम्बलिंग का कार्य, रोलर बियरिंग का रख रखाव आदि इस शॉप में किया जाता है। इस शॉप में भी

Disposal of Garbage after sweeping the roads का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। यहां स्वीकृत संख्या 55 की है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 02 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.8. मिल राइट शॉप–** झॉसी वर्कशॉप की इस शॉप में लेथ मशीन व क्रेन के रिपयरिंग, रखरखाव किया जाता है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 02 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.9. बॉयलर मेकर शॉप–** इस शॉप में स्टीम बॉयलर के रखरखाव को देखा जाता है। कार्य के इस शॉप में भी Disposal of Garbage after sweeping the roads का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 01 पद के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.10. WR-1 Shop to WR-5 Shop–** इस शॉप में पी0ओ0एच0 हेतु आए वैगनों की रिपेयरिंग का कार्य किया जाता है। चूंकि एक ही शॉप में वैगन रिपेयरिंग का कार्य नहीं किया जा सकता, इसलिए इस कार्य को अलग अलग वैगन रिपेयरिंग शॉप्स (WR-1 Shop to WR-5 Shop) में बांटा गया है। इनमें accessories को काट करके अण्डर फ्रेम में पिन को काट करके ट्रॉली को फ्री करते है तथा वैगन को लिफ्ट करके निरीक्षण करते हैं। सभी शॉपों में भी Disposal of Garbage after sweeping the roads का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। इसके अलावा WR-4 Shop में Manufacture and fitment of two parts sliding door arrangement on BCNHL Wagon का कार्य वाह्य श्रोत से चलाया जा रहा है। कार्य के औचित्य को देखते हुए WR-1 में 02 पद, WR-2 में 02 पद, WR-3 में 02 पद, WR-4 में 06 पद तथा WR-5 में 02 पद (कुल पद 11) के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.11. WR-6 Shop (Tank Wagon shop)-** इस शॉप में टैंक वैगन्स (BTPN Type) की मरम्मत का कार्य होता है। टैंक के अन्दर के भागों की सफाई, वॉल्व मेन्टेनेन्स आदि कार्य होते हैं। इस शॉप में भी Disposal of Garbage after sweeping the roads का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 01 पद के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.12. Stripping Shop -** इस शॉप में ऑक्सीजन–Desolved acytilene Gas के द्वारा वैगन की बॉडी की कटिंग होती है। यहां पर वैगन की बॉडी के जंग खाने पर या खराब होनें पर मार्क करके बत्ती से साफ करते हैं। इसके अलावा स्कैप को भी हटाया जाता है। इस शॉप में भी Disposal of Garbage after sweeping the roads का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 02 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.13. Bogie repair Shop -** इस शॉप में ट्रॉली की dismantling की जाती है। इसमें रबिंग पार्ट को रिप्लेस किया जाता है तथा ब्रेक शू, ब्रेक बीम के घिस जानें पर बदला जाता है या रिपेयर किया जाता है। ट्रॉली में स्प्रिंग का बेस खराब हो जानें पर बदलना व नई स्प्रिंग लगाना आदि कार्य इस शॉप में होते हैं। इस शॉप में भी Disposal of Garbage after sweeping the roads का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 03 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.14. Air Brake Lab -** इस शॉप में डिस्ट्रिब्यूटर वाल्व (डी0वी0) तथा ऑग्जिलिरी रिजर्वायर (ए0आर0) के खराब होनें पर इनकी जांच होती है तथा उनको ठीक किया जाता है। इसके अलावा स्लैग एडजेस्टर का भी रख– रखाव होता है। इस शॉप में भी Disposal of Garbage after sweeping the roads का कार्य वाह्य श्रोत से कराया जा रहा है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 02 पद के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.15. Black Smith & Spring Smith Shop -** इस शॉप में Leaf and Coil spring का काम किया जाता है। Coil spring को दबानें पर Resistance Power को maintain रखनें के लिए compession व expension को सुनिश्चित करना होता है। इस शॉप में Disposal of Garbage after sweeping the roads तथा Cleaning Shot Peening, Dip Painting, drying of ICF coil spring and transportation of springs from one shop to another with assistance on miscellaneous work वाह्य श्रोत से कराए जा रहे हैं। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 01 पद के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.16. ICF Trolly-** इस शॉप में BVZI Wagon (Guard Wagon) की मरम्मत, रख– रखाव का कार्य किया जाता है। इसकी स्वीकृत संख्या निल की है।

**2.2.17. Inspection-** इस शॉप में POH के लिए आए वैगन्स को डिस्ट्रीब्यूट करके अलग–अलग सेक्शन्स में भेजते है तथा इन्स्पेक्शन किया जाता है तथा इसके तहत डाटा रिकॉर्ड किया जाता है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 01 पद के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.18. Progress (office)-** वर्कशॉप में जो मैटेरियल प्रयोग होता है, डिमांड के अनुसार मैटेरियल का Average Annual Consumption, maintain होता है। यह शॉप स्टोर विभाग के सम्पर्क में होता है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 01 पद के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.19. Progress (field)-** इस शॉप का कार्य वैगन रिपेयरिंग या अन्य किसी शॉप को इश्यू नोट के माध्यम से स्टोर से सामान की पूर्ति करना होता है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 01 पद के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.20. Rate fixing and Planning-** इस शॉप में incentive bonus, pay data रिकॉर्ड किये जाते हैं। तथा वैगन शॉप पर रिपेयर आदि के कामों के निरीक्षण का कार्य होता है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 01 पद के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.21. Yard Shop-** इस शॉप में पी0ओ0एच0 हेतु आए वैगन्स की प्लेसिंग का कार्य होता है। Inpection requirement के लिए यॉर्ड शॉप सभी शॉपों में शंटिंग करके प्लेस करता है तथा कार्य पूरा हो जानें के बाद उनको वापिस किया जाता है। इस शॉप में Disposal of Garbage after sweeping the roads तथा Cleaning of incoming 1000 Wagons inside Railway area/Yard of Wagon Repair Workshop, Jhansi एवम् 'Dumping of condemn wagons from dumping points (Nagra side store 14 lines and up to 200 Meter approx) at Wagon Repair Workshop Jhansi' वाह्य श्रोतों से कराए जा रहे है। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 02 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.22. Lab Shop-**POH हेतु आए वैगन्स व्हील्स को टेस्टिंग होती है जैसे एक्सल के अन्दर के अन्दर Ultra violet rays के माध्यम से उनके crackness या अन्य खराबी को चिन्हित किया जाता है। इस शॉप में भी Disposal of Garbage after sweeping the roads तथा Helper/Helpers Assistance for Zyglo Tesing of Roller Bearings के कार्य वाह्य श्रोतों से कराए जा रहे हैं। कार्य के औचित्य को देखते हुए इस शॉप में 01 पद के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.2.23.** उपरोक्त पैरा संख्या 2.2.1 से 2.2.22 का अवलोकन करनें पर पाया जाता है कि प्रस्तुत कार्य अध्ययन में झॉसी वर्कशॉप, झॉसी में मेकेनिकल विभाग में कार्य के औचित्य को देखते हुए कुल हेल्पर्स की आवश्यक संख्या से अधिक है।

**2.2.24.** उक्त कार्य अध्ययन के आलोक में झॉसी वर्कशॉप, झॉसी के मेकेनिकल विभाग में अभ्यर्पण हेतु संस्तुति किये जानें योग्य बहुप्रयोजन हेल्पर खलासी की संख्या को निम्न तालिका के माध्यम से प्रदर्शित किया जा सकता है–

| S.No. | Name of Shops | No. of Existing Sanction Posts | On Roll | Posts may be surrendured |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Paint Shop | 15 | 09 | 02 |
| 2. | Welding Booth | 29 | 03 | 02 |
| 3. | Gas Monifold | 22 | 01 | 02 |
| 4. | Tool Room | 12 | 03 | 01 |
| 5. | M/C & Wheel Shop | 41 | 12 | 02 |
| 6. | Roller Bearing Shop | 55 | 10 | 02 |
| 7. | Mill Wright | 55 | 56 | 02 |
| 8. | Boiler Maker | 04 | | 01 |
| 9. | WR- I | 68 | 10 | 02 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | WR- II | 68 | 25 | 02 |
| 11. | WR-III | 68 | 21 | 02 |
| 12. | WR-IV | 68 | 14 | 06 |
| 13. | WR-V | 68 | 12 | 02 |
| 14. | WR-VI (Tank Wagon Shop) | 07 | 02 | 01 |
| 15. | Stripping Shop | 31 | 04 | 02 |
| 16. | Bogie Repair | 75 | 15 | 03 |
| 17. | Air Brake Lab | 29 | 12 | 02 |
| 18. | Blacksmith & Spring smith | 08 | 02 | 01 |
| 19. | ICF Trolly | 00 | 02 | 00 |
| 20. | Inspection | 22 | 02 | 01 |
| 21. | Progress(Office) | 06 | 02 | 01 |
| 22. | Progress(Field) | 98 | 24 | 01 |
| 23. | Rate fixing & Planning | 02 | 00 | 01 |
| 24. | Yard | 146 | 104 | 02 |
| 25. | Lab | 22 | 14 | 01 |
| | **Grand Total** | **1019** | **359** | **44** |

**2.2.24.** अतः पदो के औचित्य को देखते हुए कार्य अध्ययन दल के द्वारा झाँसी वर्कशॉप, झाँसी के मेकेनिकल विभाग में **Multi purpose Helper Khalasi** संवर्ग में 44 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जाती है।

# अध्याय–तृतीय

## वित्तीय परिणाम

**3.0** इस कार्य अध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के कियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रतिपद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Multi Purpose Helper Khalasi | 5200-20200 GP-1800 (6th CPC Level-I (7th CPC) | 44 | 24,277.50 | 10,68,210.00 | 1,28,18,520.00 |
| | | | | | | **1,28,18,520.00** |
| **कुल** | | | **44** | | | |
| **(एक करोड अठाइस लाख अठारह हजार पॉच सौ बीस मात्र)** | | | | | | |

**3.1 संस्तुतिः–**

कार्य अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि झाँसी वर्कशॉप, झाँसी के मेकेनिकल विभाग में उप मुख्य यांत्रिक अभियन्ता के अधीनस्थ कार्यरत **Multi Purpose Helper Khalasi** संवर्ग के लिये कुल 1019 पद स्वीकृत हैं।

**Multi Purpose Helper Khalasi** संवर्ग के पदो के कार्य के औचित्य को देखते हुए कार्य अध्ययन दल के द्वारा इस कैटेगरी में कार्य अध्ययन के पश्चात् कुल **44 पदों** के अभ्यर्पण की संस्तुति की जाती है। इससे कुल बचत रु0 **1,28,18,520.00 (एक करोड अठाइस लाख अठारह हजार पॉच सौ बीस मात्र)** होगी।